# आदर्श प्रश्न पत्र - 5

## हिन्दी (व्याकरण)

## कक्षा - 9

समय : 45 मिनट | अंक : 25

उत्तरकुंजी

1. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4

पत्थर खाकर शीशा टूटा,
गिरा हो गया चकनाचूर।
पत्थर खा पिल्ला पिपियाया
भागा पूँछ दबाकर दूर ।

लेकिन पत्थर खाकर लोहा,
जहाँ खड़ा था खड़ा रहा ।
पानी पत्थर खाकर उछला,
मगर ताल में रहा।

जो चोटों से डरता है या
रोता है घबराता है,
पिचके हुए कनस्तर सा वह
बाहर फेंका जाता है।

(क) पत्थर की चोट का पिल्ले पर क्या असर पड़ा ?
उत्तर : पत्थर की चोट खाकर पिल्ला पिपियाया और दुम दबाकर भाग गया।

(ख) पत्थर का पानी पर क्या प्रभाव पड़ा ?
उत्तर : पत्थर खाकर पानी उछला, मगर तालाब में ही रहा।

(ग) चोट से डरने वाले की क्या हालत होती है ?

उत्तर : चोट से डरने वाला रोता और घबराता है। वह किसी काम का नहीं होता ।

(घ) प्रस्तुत काव्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ?

उत्तर : शीर्षक - 'चोट'

2. मुहावरे का उसके सही अर्थ से मिलान कीजिए: 2

1. खून पसीना एक करना - कड़ी मेहनत करना
2. ईद का चाँद होना - काफ़ी समय बाद दिखाई देना

3. निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं को पूर्वकालिक क्रियाओं में बदलकर वाक्य पुन: लिखिए : 3

1. हम गृहकार्य समाप्त करना चाहते हैं, फिर खेलने जाएँगे।
   उत्तर : हम गृहकार्य समाप्त करके खेलने जाएँगे।
2. छात्र सूत्र लिखता है और याद करता है।
   उत्तर : छात्र सूत्र लिखकर याद करता है।
3. हमने कपड़े इस्तरी किए। उन्हें अलमारी में रखा।
   उत्तर : हमने कपड़े इस्तरी करके अलमारी में रखे।

4.निम्नलिखित रिक्तस्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार कीजिए : 3

1. अजय <u>अपनी</u> बहन से बहुत प्यार करता है। (सार्वनामिक विशेषण)
2. समाज में रहते हुए <u>सामाजिक</u> बंधन नहीं त्याग सकते। (रंगीन शब्द के विशेषण से)
3. पिता जी जो आम कल लाए थे,वे बहुत <u>मीठे</u> हैं। (गुणवाचक विशेषण)

5. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन क्रियाविशेषण शब्दों के भेद बताइए: 4

1. आकांक्षा मधुर गाती है। - रीतिवाचक क्रियाविशेषण
2. मीरा कल आगरा जाएगी। - कालवाचक
3. सोहन कुछ चावल लाया। - परिमाणवाचक
4. बिल्ली ने इधर-उधर देखकर दूध चट कर दिया। - स्थानवाचक

6. निम्नलिखित वाक्यों में आए संबंधबोधक शब्दों को रेखांकित कीजिए: 3

1. चाचा जी के साथ कुछ बच्चे भी थे।
2. भगतसिंह ने देश के लिए प्राण त्याग दिए।
3. विनायक अपनी माँ के बिना नहीं रह पाता।

7. निम्नलिखित वाक्यों में विराम- चिहन लगाकर वाक्य पुन: लिखिए : 3

1. अरे राम कोई तो इसे बचाओ

उत्तर : अरे राम! कोई तो इसे बचाओ।

2. मुझे दालचावल पसंद हैं

उत्तर : मुझे दाल-चावल पसंद हैं

3.महात्मा गांधी को बापू कहते हैं।

उत्तर : महात्मा गांधी को ‘ बापू ’ कहते हैं।

8. निम्नलिखित वाक्यों को भाववाच्य में बदलिए : 3

1. रमेश पत्र नहीं लिखता।

उत्तर : रमेश से पत्र लिखा नहीं जाता।

2. मैं सूखी रोटी नहीं खाती ।

उत्तर : मुझसे सूखी रोटी खाई नहीं जाती।

3. सीमा गाना गाती है।

उत्तर : सीमा से गाना गाया जाता है।